संख्या- 34/2026/001/324-24-1-2026-18P-2020

प्रेषक,

संजय शुक्ला,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 27 मार्च, 2026

विषय:-उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण हेतु पुनर्विनियोग के माध्यम से वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-365/अधि०नि० (वित्त)/वि0प्र0-2/आय-व्ययक/2025-26/468, दिनांक 25 मार्च, 2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के अनुदान संख्या-9 के विभिन्न लेखाशीर्षकों में हो रही बचत की कुल धनराशि रूपये 237,88,00,000/- (रूपये दो सौ सैंतीस करोड़ अठ्ठासी लाख मात्र) एवं उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 में हो रही बचत की कुल धनराशि रूपये 290,85,50,000/- (रूपये दो सौ नब्बे करोड़ पच्चासी लाख पचास हजार मात्र) अर्थात कुल धनराशि रूपये 528,73,50,000/- (रूपये पॉच सौ अठ्ठाईस करोड़ तिहत्तर लाख पचास हजार मात्र) को पुनर्विनियोग के माध्यम से उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अनुदान संख्या-9 के लेखा शीर्षक-4801-05-190-08-30 में (संलग्न वी0एम0-9 के अनुसार) स्वीकृत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते हैं।

(1) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम सग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखा शीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/प्रयागराज और ऊर्जा विभाग/वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

(3) इस सम्बन्ध में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त) उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) जिस मद में पुनर्विनियोग कर रहे है, उस मद में चालू वित्तीय वर्ष में किसी प्रकार की धनराशि की मांग नहीं करेंगे तथा स्वीकृत कार्य पर ही धनराशि व्यय करेंगे।

(5) जिस मद में पुनर्विनियोग प्रस्तावित है उस मद की सम्पूर्ण धनराशि का नियमानुसार सदुपयोग इस वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा।

(6) पुनर्विनियोग की जाने वाली धनराशि का सदुपयोग वित्तीय वर्ष में न करने और उसके फलस्वरूप होने वाली आडिट आपत्ति हेतु निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि० उत्तरदायी होगें। किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता का उत्तरदायित्व निदेशक (वित्त), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि0 का होगा।

(7) स्वीकृत धनराशि व्यय किए जाने के पूर्व वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 27 मार्च, 2025 एवं अन्य सुसंगत शासनादेशों की शर्तो/दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष केवल उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जिसका उपभोग दिनांक 31 मार्च, 2025 तक हो सके तथा अवमुक्त की जा रही धनराशि के आहरणोपरान्त उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

(9) वर्तमान में अवमुक्त की जा रही धनराशि के आहरणोपरान्त उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 528,73,50,000/- (रूपये पॉच सौ अठ्ठाईस करोड़ तिहत्तर लाख पचास हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 009 लेखा शीर्षक 4801051900800 उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण हेतु अंशपूंजी मानक मद 30 निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-10-141-X-2025-26-दिनांक: 27.03.2026 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

संजय शुक्ला
संयुक्त सचिव।

संख्या-34/2026/001-324(1)-24-1-2026-18P-2020, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
3- महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)-प्रथम, 15 ए, दयानन्द मार्ग, सिविल लाइन, प्रयागराज-211001
4- कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा-।।), उ0प्र0, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/राज्य योजना आयोग-1/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

संजय शुक्ला
संयुक्त सचिव।